रजिस्ट्री सं० डी०-222

REGISTERED NO. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 6] नई दिल्ली, शनिवार, फरवरी 10, 1968 (माघ 21, 1889)
No. 6] NEW DELHI, SATURDAY, FEBRUARY 10, 1968 (MAGHA 21, 1889)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग III—खण्ड 1

PART III—SECTION 1

उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार के संलग्न और अधीन कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं

Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, the Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India

संघ लोक सेवा आयोग

नई दिल्ली-11, दिनांक 25 जनवरी 1968

सं० एफ० 2/27/67-स्था० क-II—संघ लोक सेवा आयोग संवर्ग को आवंटित केन्द्रीय सचिवालय स्टेनोग्राफर सेवा के ग्रेड-I अधिकारी, श्री बी० बी० मेहरा को, राष्ट्रपति द्वारा, केन्द्रीय सचिवालय सेवा नियमावली, 1962 के नियम 13 के उप-नियम (4) (ख) के अधीन, 16 जनवरी, 1968 के पूर्वाह्न से अग्रेतर आदेश जारी होने तक, संघ लोक सेवा आयोग में केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के अनुभाग अधिकारी ग्रेड में स्थानापन्न रूप से कार्य करने के लिये नियुक्त किया जाता है ।

दिनांक 27 जनवरी 1968

सं० 2/6/67–स्था० (क) (I)—संघ लोक सेवा आयोग में केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के स्थायी अनुभाग अधिकारी श्री टी० सी० मलिक को, राष्ट्रपति द्वारा, 11 नवम्बर, 1967 से 25 नवम्बर, 1967 तक की अग्रेतर अवधि के लिए उक्त सेवा के ग्रेड-I में स्थानापन्न रूप से कार्य करने के लिए नियुक्त किया जाता है ।

2. श्री टी० सी० मलिक, जिन्होंने इस कार्यालय की समसंख्यक अधिसूचना, दिनांक 23 अक्तूबर, 1967 द्वारा 3 अक्तूबर, 1967 के पूर्वाह्न से संघ लोक सेवा आयोग में अवर सचिव पद का कार्यभार सम्भाल लिया था, 25 नवम्बर, 1967 तक (इस तारीख को सम्मिलित करते हुए) उसी पद पर बने रहे। श्री मलिक ने 25 नवम्बर 1967 के अपराह्न में उक्त पद का कार्यभार छोड़ दिया तथा साथ ही, अपने प्रत्यावर्तन पर संघ लोक सेवा आयोग में अनुभाग अधिकारी के पद का कार्यभार संभाल लिया ।

सं० एफ० 2/6/67–स्था० (क) (I)—संघ लोक सेवा आयोग में केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के अनुभाग अधिकारी ग्रेड के स्थायी अधिकारी श्री जे० वी० राव को, राष्ट्रपति द्वारा, 13 अक्तूबर, 1967 से 12 दिसम्बर, 1967 तक की अवधि के लिए उक्त सेवा के ग्रेड-I में स्थानापन्न रूप से कार्य करने के लिए नियुक्त किया जाता है ।

2. श्री जे० वी० राव ने 13 अक्तूबर, 1967 के पूर्वाह्न से संघ लोक सेवा आयोग में अवर सचिव के पद का कार्य भार संभाल लिया और 12 दिसम्बर, 1967 के अपराह्न से उक्त पद का कार्य-भार छोड़ दिया ।

3. अपने प्रत्यावर्तन के पश्चात् श्री जे० वी० राव ने 12 दिसम्बर, 1967 के अपराह्न से संघ लोक सेवा आयोग में अनुभाग अधिकारी पद का कार्यभार संभाल लिया।

सं० एफ० 2/6/67-स्था० (क)-(I)—संघ लोक सेवा आयोग में केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के निम्नलिखित स्थायी अनुभाग अधिकारियों को, राष्ट्रपति द्वारा, उनके नामों के आगे दी गई अवधि के लिये उक्त सेवा के ग्रेड-I में स्थानापन्न रूप से कार्य करने के लिये नियुक्त किया जाता है :—

क्रम संख्या	नाम	अवधि
1.	श्री बी० आर० तलवाड	30-10-67 से 29-1-68 तक
2.	श्री जे० वी० राव	14-12-67 से 13-2-68 तक
3.	श्री टी० सी० मलिक	1-12-67 से 29-2-68 तक
4.	श्री पी० वी० मटंगे	3-1-68 से 9-2-68 तक

सं० एफ० 2/6/67-स्था० (क)-(I)—संघ लोक सेवा आयोग में केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के स्थायी ग्रेड-I अधिकारी श्री रामलाल को राष्ट्रपति द्वारा, 11 नवम्बर, 1967 से 25 नवम्बर, 1967 तक की अवधि के लिये उक्त सेवा के चयन ग्रेड में स्थानापन्न रूप से कार्य करने के लिये नियुक्त किया जाता है।

2. श्री रामलाल, जिन्होंने इस कार्यालय की समसंख्यक अधिसूचना, दिनांक 23 अक्तूबर, 1967 द्वारा 3 अक्तूबर, 1967 के पूर्वाह्न से संघ लोक सेवा आयोग में उप-सचिव पद का कार्यभार संभाल लिया था, 25 नवम्बर, 1967 तक (इस तारीख को सम्मिलित करते हुए) उसी पद पर बने रहे। श्री रामलाल ने दिनांक 25 नवम्बर, 1967 के अपराह्न में उक्त पद का कार्यभार छोड़ दिया, तथा साथ ही, अपने प्रत्यावर्तन पर संघ लोक सेवा आयोग में अवर सचिव पद का कार्यभार संभाल लिया।

आर० के० जी० राव, अवर सचिव
प्रशासन प्रभारी
संघ लोक सेवा आयोग

गृह मंत्रालय

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो

नई दिल्ली-22 दिनांक 23 जनवरी 1968

सं० 11/6(15)/67-ए० डी० वन—पुलिस उप-महानिरीक्षक, विशेष पुलिस स्थापना पश्चिमी बंगाल पुलिस राज्य के एक अधिकारी श्री शान्तीराम अचार्जी को दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, ई० वी० डब्लू०, कलकत्ता में दिनांक 13-12-67 के दोपहर-पूर्व से अगला आदेश जारी होने तक के लिये निरीक्षक के पद पर अस्थाई रूप से प्रतिनियुक्त करते हैं।

दिनांक 25 जनवरी 1968

सं० 11/6/15/66 प्रशा०-1—इस कार्यालय के अधिसूचना संख्या 11/6(15)/66 प्रशासन-1, दिनांक 15-12-67 को निष्प्रभाव करते हुए, पुलिस उप-महानिरीक्षक, विशेष पुलिस स्थापना कलकत्ता पुलिस के एक अधिकारी श्री ए० वी० मुखर्जी को दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, कलकत्ता शाखा में दिनांक 30-9-1967 के दोपहर बाद से अगला आदेश जारी होने तक के लिये निरीक्षक के पद पर अस्थाई रूप से प्रतिनियुक्त करते हैं।

बद्रीनाथ, प्रशासनिक अधिकारी
कृते पुलिस उप-महानिरीक्षक,
दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना

केन्द्रीय सतर्कता आयोग

नई दिल्ली, दिनांक 24 जनवरी 1968

सं० 2/13/67-प्र०—केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त एतद द्वारा दक्षिण-पूर्वी रेलवे के सहायक कार्यपालक अभियंता श्री जे० जी० डौसन को 10 जनवरी, 1968 (पूर्वाह्न) से अगले आदेश तक स्थानापन्न रूप से केन्द्रीय सतर्कता आयोग में सहायक तकनीकी परीक्षक नियुक्त करते हैं।

शाम सुन्दर सेठ, अवर सचिव
कृते केन्द्रीय सतर्कता आयोग

कार्यालय निदेशक लेखा परीक्षा रक्षा सेवाएं

नई दिल्ली, दिनांक 16 जनवरी 1968

सं० ए०-प्रशासन/130/68—श्री एस० नटराजन, अधीनस्थ लेखा सेवा के स्थायी सदस्य (जो इस समय भारतीय निवेश केन्द्र में प्रति नियुक्ति पर हैं) को 25-10-1967 से अगले आदेश तक रक्षा सेवाओं के लेखा परीक्षा विभाग में स्थानापन्न सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी के पद पर प्रारूप पदोन्नति प्रदान की जाती है।

सं० ए०-प्रशासन/130/68—अधीनस्थ लेखा सेवा के स्थाई सदस्य, श्री के० कृष्णमूर्ती को प्रवर उप-निदेशक लेखा परीक्षा रक्षा सेवाएं दक्षिणी कमान पूना के कार्यालय में सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी के पद पर दिनांक 11-1-1968 से अस्थाई रूप में अगले आदेश तक निदेशक लेखा परीक्षा रक्षा सेवाएं सहर्ष नियुक्त करते हैं।

सं० एस०-ए०-प्रशासन/130/68—श्री डी० सी० सहदेव, रक्षा सेवाओं के लेखा परीक्षा विभाग के अधीनस्थ लेखा सेवा के स्थाई सदस्य (जो इस समय राष्ट्रीय विकास दल आवास तथा पुनर्वास मंत्रालय, नई दिल्ली में प्रति नियुक्ति पर हैं) को 6-11-1967 से अगले आदेश तक रक्षा सेवाओं के लेखा विभाग में स्थानापन्न सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी के पद पर प्रारूप पदोन्नति प्रदान की जाती है।

तारा बाई एस० कुट्टी, प्रवर उप निदेशक

कार्यालय महालेखाकार, मध्य प्रदेश

ग्वालियर, दिनांक 31 जनवरी 1968

सं० एडमिन०-I/6356—महालेखाकार, मध्य प्रदेश, ग्वालियर कार्यालय के अधीनस्थ लेखासेवा के स्थायी सदस्य, श्री एम० एस० मालू को दिनांक 12 जनवरी 1968 पूर्वाह्न से सहायक लेखा अधिकारी के पद पर अस्थायी रूप से अगले आदेश होने तक (बिना उनके प्रवरों के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले) नियुक्त किया जाता है ।

डी० एच० वीरय्या, महालेखाकार

श्रम, रोजगार एवं पुनर्वास मंत्रालय

(श्रम एवं रोजगार विभाग)

शिमला-4, दिनांक 3 फरवरी 1968

सं० 3/2/67—सी० पी० आई०—दिसम्बर 1967 का अखिल भारतीय श्रमिक वर्ग उपभोक्ता कीमत सूचकांक (आधार वर्ष 1949=100) 214 (दो सौ चौदह) था ।

के० के० भाटिया,
निदेशक, श्रम ब्यूरो

महानिदेशालय : आकाशवाणी

नई दिल्ली, दिनांक 1968

सं० 7(27)59-एस० 1—महानिदेशक, आकाशवाणी, एतद्द्वारा श्री एम० आर० मुथ्थारत्ना, ट्रांस्मिशन एग्जेक्टिव, आकाशवाणी, भद्रावती, को आकाशवाणी इम्फाल, में दिनांक 12-1-1968 से अगले आदेश तक अस्थायी रूप में स्थानापन्न प्रोग्राम एग्जेक्टिव के पद पर नियुक्त करते हैं ।

सं० 6(1)68/एस०-1—महानिदेशक, आकाशवाणी, एतद्द्वारा श्री सी० एल० माथुर, एग्रीकल्चर एक्जीक्यूटिव आफीसर एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट, राजस्थान सरकार, जयपुर को फार्म एंड होम यूनिट, आकाशवाणी, जयपुर में दिनांक 16-11-68 से अस्थायी रूप में फार्म रेडियो आफीसर के पद पर नियुक्त करते है ।

एस० एन० मित्तल,
उप-निदेशक, प्रशासन
कृते महानिदेशक

परमाणु ऊर्जा विभाग

(परमाणु खनिज प्रभाग)

नई दिल्ली-5, दिनांक 31 जनवरी 1968

सं० 2(1863)67-प्रशासन—परमाणु ऊर्जा विभाग के परमाणु खनिज प्रभाग में विज्ञान अधिकारी/इंजीनियर-ग्रेड एस० बी०, श्री परमोत्तम देव गुप्ता के त्यागपत्र देने पर उनको उक्त पद के कार्य-भार से 8 जनवरी 1968 के अपराह्न से मुक्त कर दिया गया ।

एस० जी० नायर, प्रसासन तथा लेखा अधिकारी
कृते निदेशक

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय

(कृषि विभाग)

विपणन और निरीक्षण निदेशालय

नागपुर, दिनांक जनवरी 1968

सं० एफ० 3/249/67-प्रशासन-I—श्री बी० एन० गुप्ता को विपणन और निरीक्षण निदेशालय, नागपुर मे दिनांक 17-1-1968(पूर्वाह्न) से अतःपरं आदेशों तक स्थानापन्न विपणन अधिकारी (घी) नियुक्त किया गया है।

बी० डी० जोशी, कृषि विपणन सलाहकार

पर्यटन और नागर विमानन मंत्रालय

भारत मौसम विज्ञान विभाग

नई दिल्ली-3, दिनांक 29 जनवरी 1968

सं० ई०(1) 05703—वेधशालाओं के महानिदेशक एतद् द्वारा श्री एच० जे० अस्थाना, व्यवसायिक सहायक हाइड्रोजन फैक्टरी, आगरा, वेधशालाओं के उप-महानिदेशक (उपकरण) का कार्यालय, को 3 जनवरी 1968 के पूर्वाह्न से अठ्ठासी दिनों की अवधि के लिये स्थानापन्न के रूप में सहायक मौसम विशेषज्ञ नियुक्त करते हैं ।

श्री अस्थाना, स्थानापन्न सहायक मौसम विशेषज्ञ, वेधशालाओं के उप-महानिदेशक (उपकरण), नई दिल्ली के कार्यालय के अधीनस्थ हाइड्रोजन फैक्टरी, आगरा मे तैनात रखे गये है ।

एम० आर० एन० मनीयन,
सहायक मौसम विशेषज्ञ
कृते वेधशालाओं के महानिदेशक

परिवहन तथा नौवहन मंत्रालय

अंतर्राज्यीय परिवहन आयोग

नई दिल्ली, दिनांक जनवरी 1968

सं० 3-आई० एस० टी० सी० (31)/65—परिवहन तथा नौवहन मंत्रालय मे प्रत्यावर्तित होने पर श्री पी० के० कपूर ने अंतर्राज्यीय परिवहन आयोग मे संपर्क अधिकारी का कार्यभार 15-1-1968 (पूर्वाह्न) को त्याग दिया ।

पी० के० दत्ता, सचिव
कृते अध्यक्ष

रेल मंत्रालय

अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन

लखनऊ-5, दिनांक जनवरी 1968

सं० ए०/ई०पी०-932—श्री जी० टी० खेमानी, स्थानापन्न प्रवर अभिकल्प सहायक, रेल पथ अनुभाग, अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन, लखनऊ को उसी संगठन मे अनुभागीय अधिकारी (रेलपथ) के रूप में दिनांक 2-9-67 से 30-12-67 तक पदोन्नत किया गया ।

पी० एन० माथुर, महानिदेशक

उत्तर रेलवे

नई दिल्ली, दिनांक 15 जनवरी 1968

सं० 3—(क) उत्तर रेलवे के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के दर्जा II सेवा के निम्नलिखित अधिकारियों की स्थायीकरण की तारीखों में नीचे लिखे अनुसार संशोधन किया गया है :—

क्रम सं०	नाम	स्थायी करण की पिछली तारीख	स्थायीकरण की संशोधित तारीख
1.	श्री एस० सी० मित्रा	29-11-1963	27-12-1962
2.	श्री मनोहर लाल	8-2-1964	29-11-1963
3.	श्री के० सी० गुप्ता	11-2-1964	8-2-1964

(ख) उत्तर रेलवे के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के दर्जा II सेवा के निम्नलिखित स्थानापन्न अधिकारियों को, प्रत्येक के सामने दी गई तारीख से इस रेलवे पर दर्जा II सेवा में स्थायी कर दिया गया है :—

क्रम सं०	नाम	स्थायीकरण की तारीख
1.	श्री के० एल० मल्होत्रा	19-4-1962
2.	श्री कुन्दन लाल	28-11-1962
3.	श्री जय सिंह	28-11-1962
4.	श्री राजेन्द्र सिंह	28-11-1962
5.	श्री पी० एन० पुरी	27-12-1962
6.	श्री भरत सिंह	27-12-1962
7.	श्री अवतार सिंह	11-2-1964
8.	श्री एस० सी० सक्सेना	14-9-1964
9.	श्री रामकरतार सिंह	24-10-1964
10.	श्री आर० आर० राव	1-5-1965
11.	श्री ए० एन० वर्मा	7-5-1965
12.	श्री सूरज भान	7-5-1965
13.	श्री जी० नाथ	7-5-1965
14.	श्री सी० पी० सपरा	6-9-1965
15.	श्री के० पी० मूरजानी	15-11-1965

दिनांक जनवरी 1968

सं० 2—उत्तर रेलवे के सहायक चिकित्सा अधिकारी (दर्जा II) डा० एस० ए० नोमानी ने 8 दिसम्बर 1967 अपराह्न से रेलवे सेवा से त्यागपत्र दे दिया है ।

परमेश्वर सहाय, महाप्रबन्धक

मध्य रेलवे

बम्बई वी० टी०, दिनांक 20 जनवरी 1968

सं० एच० पी० बी० गज०/60—श्री टी० एस० संथानम्—मुख्य वाणिज्य अधीक्षक के व्यक्तिक सहायक को 16 अक्तूबर, 1967 से सहायक वाणिज्य अधीक्षक (श्रेणी 2) के पद पर स्थानापन्न रूप में नियुक्त किया गया है ।

बी० एस० डी० बालिगा, महाप्रबन्धक

संघ लोक सेवा आयोग

नोटिस

इंजीनियरी सेवा परीक्षा, 1968

नई दिल्ली, दिनांक 10 फरवरी 1968

सं० एफ० 2/5/67-ई०-I(बी०)—भारत के राजपत्र, दिनांक 10 फरवरी 1968 में रेल मंत्रालय (रेल बोर्ड) द्वारा प्रकाशित नियमों के अनुसार निम्नलिखित सेवाओं पर भरती के लिये, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा अहमदाबाद, इलाहाबाद, बंगलौर, भोपाल, बम्बई, कलकत्ता, कटक, दिल्ली, हैदराबाद, जयपुर, लंदन, मद्रास, पटियाला, पटना, शिलांग और त्रिवेंद्रम में 30 अगस्त 1968 से एक सम्मिलित प्रतियोगिता परीक्षा ली जायेगी :—

(i) इंजीनियरों की भारतीय रेल सेवा,
(Indian Railway Service of Engineers).

(ii) बिजली इंजीनियरों की भारतीय रेल सेवा,
(Indian Railway Service of Electrical Engineers).

(iii) सिगनल इंजीनियरों की भारतीय रेल सेवा,
(Indian Railway Service of Signal Engineers).

(iv) यांत्रिक इंजीनियरों की भारतीय रेल सेवा,
(Indian Railway Service of Mechanical Engineers).

(v) केन्द्रीय इंजीनियरिंग सेवाएं, क्लास I एवं क्लास II,
(Central Engineering Services, Class I and Class II).

(vi) केन्द्रीय बिजली इंजीनियरिंग सेवाएं, क्लास I एवं क्लास II,
(Central Electrical Engineering Services, Class I and Class II).

(vii) भारतीय निरीक्षण सेवा, क्लास I (इंजीनियरिंग शाखा),
(Indian Inspection Service, Class I (Engineering Branch).

(viii) भारतीय पूर्ति सेवा, क्लास I
(Indian Supply Service, Class I).

(ix) सैनिक इंजीनियर सेवा, क्लास I (इमारत और सड़क संवर्ग तथा बिजली एवं यांत्रिक संवर्ग),
(Military Engineer Services, Class I (Buildings & Roads Cadre and Electrical & Mechanical Cadre).

(x) टेलीग्राफ इंजीनियरिंग सेवा, क्लास I,
(Telegraph Engineering Service, Class I).

(xi) केन्द्रीय जल इंजीनियरिंग सेवा (क्लास I) तथा
(Central Water Engineering (Class I) Service).

(xii) केन्द्रीय बिजली-शक्ति इंजीनियरिंग सेवा (क्लास I)
(Central Power Engineering (Class I) Service).

आयोग यदि चाहे तो परीक्षा के ऊपर्युक्त केन्द्रों तथा उसके प्रारम्भ होने की तारीख में परिवर्तन कर सकता है । परीक्षा में प्रवेश के लिये स्वीकृत उम्मीदवारों को सूचित किया जायेगा कि उन्हें कहां, किस समय और किन तारीखों को उपस्थित होना है ।

2. इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर निम्नलिखित पदों (देखिये नियमावली का परिशिष्ट III) के लिये भी, प्रत्येक

पद के आगे दी गई परीक्षा योजना (ओं) के अनुसार, भरती की जायेगी ।

पद का नाम	परीक्षा योजना (देखिये नियमावली का परिशिष्ट I)
रेल मन्त्रालय	
(रेलवे बोर्ड)	
(क) भारतीय रेल भंडार सेवा	आई० आर० एस० ई० आई० आर० एस० ई० ई० आई० आर० एस० एस० ई० आई० आर० एस० एम० ई० के समान ।
इस्पात, खान एवं धातु मंत्रालय	
(खान एवं धातु विभाग)	
(ख) सहायक ड्रिलिंग इंजीनियर, क्लास I, यांत्रिक (जूनियर), क्लास I, तथा सहायक इंजीनियर क्लास II, भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण संस्था ।	कृपया नीचे लिखे नोट I को देखिये ।
(डाक तार कर्मशाला संगठन)	
(ग) सहायक प्रबंधक क्लास	नियमावली के परिशिष्ट I के पैरा 2 की मद 'ओ' (O) के समान । (आई० ओ० एफ० एस०, क्लास I के लिये निर्धारित परीक्षा योजना ।

नोट I :—उपर्युक्त (ख) में उल्लिखित पदों पर भरती के लिये उन उम्मीदवारों के बारे में भी विचार किया जा सकता है, जो नियमावली के परिशिष्ट-I में निर्दिष्ट योजना के अन्तर्गत परीक्षा में बैठे हों, यदि वे यांत्रिक इंजीनियरी की डिग्री या समकक्ष योग्यता रखते हों ।

नोट II :—उपर्युक्त (ख) में उल्लिखित पदों में से किसी एक पर भरती के लिये इच्छुक उम्मीदवार आवेदन-प्रपत्र के कालम 24 में इन पदों के लिये अपने वरीयता-क्रम का उल्लेख कर सकते हैं ।

3. इस परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों के बारे में केन्द्रीय सरकार के अधीन उन अन्य स्थायी अस्थायी पदों पर नियुक्ति के लिये भी विचार किया जा सकता है जिनके लिये इसी प्रकार की शैक्षिक योग्यताओं की आवश्यकता हो (देखिये नियमावली के परिशिष्ट III का पैरा 9) ।

4. परीक्षा के आधार पर जिन विभिन्न सेवाओं/पदों पर भरती की जानी है, उनकी अनुमानित संख्या इस प्रकार है :—

(1) इंजीनियरों की भारतीय रेल सेवा . 10
(Indian Railway Service of Engineers).

(2) बिजली इंजीनियरों की भारतीय रेल सेवा. 4
(Indian Railway Service of Electrical Engineers).

(3) सिगनल इंजीनियरों की भारतीय रेल सेवा 4
(Indian Railway Service of Signal Engineers).

(4) यांत्रिक इंजीनियरों की भारतीय रेल सेवा 10
(Indian Railway Service of Mechanical Engineers).

(5) भारतीय रेल भंडार सेवा . . 4
(Indian Railway Stores Service).

(6) केन्द्रीय इंजीनियरिंग सेवा, क्लास I . *
(Central Engineering Service, Class I).

(7) केन्द्रीय इंजीनियरिंग सेवा, क्लास II . *
(Central Engineering Service, Class II).

(8) केन्द्रीय बिजली इंजीनियरिंग सेवा क्लास I. *
(Central Electrical Engineering Service, Class I).

(9) केन्द्रीय बिजली इंजीनियरिंग सेवा क्लास II *
(Central Electrical Engineering Service, Class II).

(10) भारतीय निरीक्षण सेवा, क्लास-I (इंजीनियरिंग शाखा) . . . 1
(Indian Inspection Service, Class I (Engineering Branch).

(11) भारतीय पूर्ति सेवा, क्लास . . 2
(Indian Supply Service, Class I).

(12) सैनिक इंजीनियर सेवा, क्लास I (इमारत और सड़क संवर्ग) . . . 19
(Military Engineer Services, Class I (Buildings and Roads Cadre).

(13) सैनिक इंजीनियर सेवा, क्लास I (बिजली और यांत्रिक संवर्ग) . 21
(Military Engineer Services, Class I (Electrical and Mechanical Cadre).

(14) टेलीग्राफ इंजीनियरिंग सेवा, क्लास I . 32
(Telegraph Engineering Service, Class I).

(15) केन्द्रीय जल इंजीनियरिंग (क्लास I) सेवा
(Central Water Engineering (Class I) Services) :—

(क) सिविल इंजीनियरिंग के पद . 4
(a) Civil Engineering Posts.

(ख) यांत्रिक इंजीनियरिंग के पद . 1
(b) Mechanical Engineering Posts.

(16) केन्द्रीय बिजली शक्ति इंजीनियरी (क्लास I सेवा :—
(Central Power Engineering (Class I) Services) :—

(क) बिजली इंजीनियरिंग के पद . 18
(a) Electrical Engineering Posts.

(ख) यांत्रिक इंजीनियरिंग के पद . 7
(b) Mechanical Engineering Posts.

(17) सहायक ड्रिलिंग इंजीनियर, क्लास I के पद, भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण संस्था . *

(Posts of Assistant Drilling Engineer, Class I in the Geological Survey of India).

(18) यांत्रिक इंजीनियर (जूनियर) क्लास-I के पद भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण संस्था . *

(Posts of Mechanical Engineer (Junior) Class I, in the Geological Survey of India).

(19) सहायक यांत्रिक इंजीनियर क्लास-II के पद, भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण संस्था . *

(Posts of Assistant Mechanical Engineer, Class II, in the Geological Survey of India).

(20) सहायक प्रबंधक, क्लास I के पद, डाक-तार कर्मशाला संगठन . . 2

(Posts of Assistant Manager, Class I in the P. & T. Workshops Organisation).

*बाद में घोषित की जायेंगी ।

उपर्युक्त मद संख्या (1), (2), (3), (4), (5) तथा (10) में उल्लिखित सेवाओ के सामने दी गई रिक्तियां स्थायी हैं ।

मद संख्या (15) (ख) तथा (16) में उल्लिखित पदो के सामने दी गई रिक्तियां अस्थायी हैं ।

भारतीय निरीक्षण सेवा, क्लास-I की रिक्ति योजना 3 के आधार पर भरी जायेगी । (देखिये नियमावली के परिशिष्ट I के पैरा 2 की मद I) ।

भारतीय पूर्ति सेवा, क्लास-I की दो रिक्तियो मे से एक रिक्ति स्थायी तथा दूसरी अस्थायी है । इन रिक्तियों में से एक-एक रिक्ति योजना 1 तथा योजना 2 के आधार पर भरी जायेगी (देखिये नियमावली के परिशिष्ट I के पैरा 2 की मद 'जे') ।

टेलीग्राफ इंजीनियरिंग सेवा क्लास-I की रिक्तियां अस्थायी है किन्तु उनके चलते रहने की सम्भावना है ।

डाक-तार कर्मशाला संगठन में सहायक प्रबंधक क्लास-I के पदों के सामने दी गई दोनों रिक्तियां अस्थायी है किन्तु उनके चलते रहने की सम्भावना है ।

केन्द्रीय जल इंजीनियरिंग (क्लास-I) सेवा (सिविल) की 4 रिक्तियों में से 1 रिक्ति स्थायी तथा शेष 3 रिक्तियां अस्थायी हैं ।

सैनिक इंजीनियर सेवा, क्लास-I (इमारत और सड़क संवर्ग) की 19 रिक्तियों में से 5 रिक्तियां स्थायी तथा 14 रिक्तियां अस्थायी है ।

सैनिक इंजीनियर सेवा, क्लास-I (बिजली और यांत्रिक संवर्ग) की 21 रिक्तियो में से 2 रिक्तियां स्थायी तथा 19 रिक्तियां अस्थायी है ।

उपर्युक्त संख्याओं में परिवर्तन किया जा सकता है ।

इन रिक्तियो मे से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियो के उम्मीदवारों के लिये आरक्षण भारत सरकार द्वारा निश्चित संख्या के अनुसार किया जायेगा ।

5. उम्मीदवार उपर्युक्त सेवाओं/पदों में से किसी एक अथवा सब के लिये ली जानेवाली परीक्षा में प्रवेश पाने के लिये आवेदन कर सकता है । उसे केवल उन्हीं सेवाओं/पदों के लिये उम्मीदवार माना जायेगा जिनके लिये वह आवेदन करेगा। यदि वह एक से अधिक सेवाओं/पदों के लिये परीक्षा में प्रवेश पाना चाहता हो तो भी उसे एक ही आवेदन-पत्र भेजने की आवश्यकता है । उपाबंध I में उल्लिखित शुल्क भी उसे केवल एक बार देना होगा, प्रत्येक उस सेवा/पद के लिये अलग-अलग नही जिसके लिये वह आवेदन कर रहा है ।

नोट :—उम्मीदवारों को अपने आवेदन-पत्र में उपर्युक्त सेवाओं/पदों का वरीयता-क्रम से स्पष्ट उल्लेख करना चाहिये जिनके लिये विचार किये जाने के वे इच्छुक हैं । उन्हें वरीयता-क्रम मे अन्य स्थायी/अस्थायी पदों की श्रेणी/श्रेणियों को भी सम्मिलित कर देना चाहिये, यदि वे उन पदों पर नियुक्ति के लिये इच्छुक हों । (देखिये पैरा 3 ऊपर) ।

उम्मीदवारों को चेतावनी दी जाती है कि उन्होंने जिन सेवाओं पदों का अपने आवेदन-पत्र में उल्लेख नहीं किया होगा, उन पर उनकी नियुक्ति के लिये विचार नहीं किया जायेगा । एक बार आवेदन करने के पश्चात् सेवाओं/पदों के चयन तथा वरीयता क्रम में परिवर्तन करने के लिये सामान्यतः अनुमति नहीं दी जायेगी ।

6. परीक्षा में प्रवेश चाहनेवाले उम्मीदवार को निर्धारित आवेदन-प्रपत्र पर सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, नई दिल्ली-11 के नाम आवेदन करना चाहिये । निर्धारित आवेदन प्रपत्र तथा परीक्षा से सम्बद्ध पूर्ण विवरण एक रुपया देकर आयोग से प्राप्त किये जा सकते हैं । यह राशि सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, नई दिल्ली-11 के नाम मनीआर्डर द्वारा भेजी जानी चाहिये और मनीआर्डर कूपन पर उस परीक्षा का नाम, जिसके लिए आवेदन-प्रपत्र मांगा जा रहा है, स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिये । मनीआर्डर के स्थान पर पोस्टल आर्डर या चैक या करेंसी नोट स्वीकार नहीं किये जायेंगे । ये आवेदन-प्रपत्र आयोग के काउंटर पर नकद भुगतान द्वारा भी प्राप्त किये जा सकते हैं । **एक रुपये की यह राशि किसी भी हालत में वापस नहीं की जायेगी ।**

7. भरा हुआ आवेदन-पत्र सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, नई दिल्ली-11 के पास 8 अप्रैल 1968 को या उसके पूर्व उपाबंध II में उम्मीदवारों को दी गई हिदायतों के अनुसार आवश्यक प्रमाण-पत्र आदि के साथ **अवश्य** पहुंच जाना चाहिये । **उस तारीख के बाद मिलनेवाले किसी भी आवेदन-पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा ।**

किन्तु विदेशों में तथा अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में रहनेवाले उम्मीदवारों के आवेदन-पत्र 22 अप्रैल 1968 तक लिये जायेंगे । (यह उन्हीं व्यक्तियों पर लागू होगा जो आवेदन-पत्र भेजते समय वास्तव में विदेश में या अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में रह रहे हों) ।

नोट :—आवेदन-प्रपत्र की मांग अथवा आवेदन-पत्र देर से भेजने वाले उम्मीदवार अपने दायित्व पर ही ऐसा करेंगे ।

8. निर्धारित शुल्क (देखिये उपाबंध-I) आवेदन-पत्र के साथ भारतीय पोस्टल आर्डरों के द्वारा भेजा जाना चाहिये ।

जिस आवेदन-पत्र के साथ निर्धारित शुल्क के लिये रेखांकित किये हुए भारतीय पोस्टल आर्डर नहीं होंगे, उसे एकदम अस्वीकार कर दिया जायेगा । यह पूर्वी पाकिस्तान से आए हुए उन विस्थापित व्यक्तियों पर तथा बर्मा और श्रीलंका से प्रत्यावर्तित उन व्यक्तियों पर लागू नहीं होता जो क्रमशः 1 जनवरी 1964, 1 जून, 1963 और 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद भारत में आए हैं और उपाबंध-I के पैरा 3 के अनुसार निर्धारित शुल्क से छूट चाहते हैं ।

प्रत्येक पोस्टल आर्डर अनिवार्यतः इस प्रकार रेखांकित किया जाये :—



और इस प्रकार भरा जाये :—

"PAY TO THE SECRETARY, UNION PUBLIC SERVICE COMMISSION AT NEW DELHI GENERAL POST OFFICE"

उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिये कि पोस्टल आर्डर को रेखांकित किये बिना या "PAY TO THE SECRETARY, UNION PUBLIC SERVICE COMMISSION AT NEW DELHI GENERAL POST OFFICE" लिखे बिना भेजना सुरक्षित नहीं है । पोस्टल आर्डरों का पूरा ब्यौरा आवेदन-पत्र के कालम 27 में दर्ज कर देना चाहिये ।

9. यदि कोई उम्मीदवार 1967 में ली गई इंजीनियरी सेवा परीक्षा में बैठा हो और अब इस परीक्षा में प्रवेश पाने के लिये आवेदन करना चाहता हो तो उसे परीक्षा फल या नियुक्ति-प्रस्ताव की प्रतीक्षा किये बिना ही निर्धारित तारीख तक अपना आवेदन-पत्र भेज देना चाहिये । यदि वह 1967 के परीक्षा-फल के आधार पर नियुक्त हो जायेगा तो उसके अनुरोध पर इस परीक्षा के लिये उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी और उसको उसी प्रकार शुल्क लौटा दिया जायेगा जिस प्रकार उपाबंध-I के पैरा 2 के अनुसार उन उम्मीदवारों को लौटा दिया जाता है जिनको परीक्षा में प्रवेश नहीं मिल पाता ।

10. आवेदन-पत्र से सबंद्ध सभी पत्र आदि सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, नई दिल्ली-11 को भेजे जायें, और उनमें निम्नलिखित ब्यौरा दिया जाये :—

(I) परीक्षा का नाम
(II) परीक्षा का महीना और वर्ष
(III) रोल नम्बर (यदि उम्मीदवार को सूचित किया गया हो)
(IV) उम्मीदवार का नाम (बड़े अक्षरों में)
(V) आवेदन-पत्र में दिया गया पत्र-व्यवहार का पता

जिन पत्रों आदि में यह ब्यौरा नहीं होगा, सम्भवतः उन पर ध्यान नहीं दिया जायेगा । संघ लोक सेवा आयोग को इस परीक्षा के विषय में लिखे जानेवाले प्रत्येक पत्र और उसके लिफाफे पर उम्मीदवारों को सब से ऊपर अनिवार्यतः **इंजीनियरी सेवा परीक्षा,** 1968 लिख देना चाहिये ।

एन० सी० तालुकदार,
उप-सचिव,
संघ लोक सेवा आयोग

उपाबंध-I

शुल्क

इस परीक्षा में प्रवेश चाहने वाले उम्मीदवारों को चाहिये कि वे भरे हुए आवेदन-पत्र के साथ आयोग को नीचे लिखे शुल्क का भुगतान करें :—

रु० 80.00 (अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के लिये रु० 20.00) । यह राशि सचिव, संघ लोक सेवा आयोग को देय रेखांकित किए हुए भारतीय पोस्टल आर्डरों द्वारा भुगतान की जानी चाहिये । आयोग किसी अन्य प्रकार से किये गये भुगतानको स्वीकार नहीं करेगा ।

2. यदि आयोग ने किसी आवेदन-पत्र पर एक बार विचार कर लिया है और उम्मीदवार को परीक्षा में प्रवेश देने का अपना निर्णय उसको सूचित कर दिया है, तो आयोग को भुगतान किये गये शुल्क की वापसी के बारे में उम्मीदवार के किसी भी दावे को स्वीकार नहीं किया जायेगा और न ही उस शुल्क को किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिये आरक्षित रखा जा सकेगा । किन्तु यदि आयोग किसी उम्मीदवार को परीक्षा में प्रवेश नहीं देता है अथवा परीक्षा में प्रवेश देने का अपने निर्णय की सूचना देने से पूर्व वह किसी उम्मीदवार को अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति दे देता है, तो उसको रु० 54.00 (अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों को रु० 14.00) की राशि वापस कर दी जायेगी ।

3. आयोग, यदि चाहे तो, उस स्थिति में निर्धारित शुल्क से छूट दे सकता है जब वह इस बात से संतुष्ट हो कि आवेदक या तो 1 जनवरी, 1964 को या उसके बाद पूर्वी पाकिस्तान से भारत में आया हुआ **वास्तविक** विस्थापित व्यक्ति है, या वह बर्मा से **वास्तविक** रूप में प्रत्यावर्तित मूलतः भारतीय व्यक्ति है और 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत में आया है, या वह श्रीलंका से **वास्तविक** रूप में प्रत्यावर्तित मूलतः भारतीय व्यक्ति है और 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद भारत में आया है, और वह निर्धारित शुल्क दे सकने की स्थिति में नहीं है ।

उपाबंध-II

उम्मीदवारों को हिदायतें

1. नोटिस के पैरा 6 के अनुसार इस परीक्षा से सम्बद्ध नोटिस, नियमावली, आवेदन-प्रपत्र और अन्य विवरण संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं । **उम्मीदवारों को चाहिये कि वे आवेदन-पत्र भरने या निर्धारित शुल्क का भुगतान करने से पहले उन्हें ध्यान से पढ़ कर देख लें कि**

वे परीक्षा में बैठ भी सकते या नहीं। निर्धारित शर्तों में छूट नहीं दी जा सकती है।

आवेदन-पत्र भेजने से पहले उम्मीदवार को नोटिस के पैरा 1 में दिये गये केन्द्रों में से किसी एक को, जहां वह परीक्षा देने का इच्छुक है, अंतिम रूप से चुन लेना चाहिये। चुने हुए स्थान में परिवर्तन से सम्बन्धित किसी अनुरोध पर सामान्यतः विचार नहीं किया जायेगा।

2. उम्मीदवार को आवेदन-पत्र अपने ही हाथ से भरना चाहिय और सभी प्रश्नों के उत्तर शब्दों में देने चाहियें। आवेदन-पत्र सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, नई दिल्ली-11 को सीधे भेजा जाना चाहिए।

नोटिस में निर्धारित तारीख के बाद आयोग को प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन-पत्र को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

जो उम्मीदवार पहले से ही स्थायी या अस्थायी रूप से सरकारी नौकरी में हो, उसे अपना आवेदन-पत्र संबंधित विभाग या कार्यालय के अध्यक्ष की मार्फत भेजना चाहिए जो आवेदन-पत्र के अन्त में दिए गए पृष्ठांकन को भर कर आयोग को भेज देगा।

गैर-सरकारी नौकरी में लगे या सरकारी औद्योगिक संगठनो या इसी प्रकार के अन्य संगठनों में काम करने वाले तथा दूसरे सभी उम्मीदवारों के आवेदन-पत्र सीधे लिये जा सकते हैं। यदि कोई ऐसा उम्मीदवार अपना आवेदन-पत्र अपने नियोक्ता की मार्फत भेजता है और वह संघ लोक सेवा आयोग में देर से पहुंचता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा, भले ही वह नियोक्ता को **अंतिम** तारीख से पहले प्रस्तुत किया गया हो।

3. उम्मीदवारो को चेतावनी दी जाती है कि वे आवेदन-पत्र भरते समय कोई भी झूठा ब्यौरा न दें और न ही किसी तथ्य को छिपाएं।

4. उम्मीदवार को अपने आवेदन-पत्र के साथ नीचे लिखे प्रमाण-पत्र आदि अवश्य भेजने चाहियें :—

(i) निर्धारित शुल्क के **रेखांकित** किए हुए भारतीय पोस्टल आर्डर जो सचिव, संघ लोक सेवा आयोग को नई दिल्ली जनरल डाकघर पर देय हों (देखिये उपाबंध-I)।

(ii) आयु का प्रमाण-पत्र।

(iii) चरित्र का प्रमाण-पत्र।

(iv) शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण-पत्र।

(v) उम्मीदवार के हाल ही के पासपोर्ट-आकार (लगभग 5 सें० मी० × 7 सें० मी०) के फोटो की दो प्रतियां।

(vi) "सर्वेक्षण का ऐच्छिक या अनिवार्य विषय लेने वाले उम्मीदवारों को मूल प्रमाण-पत्र उसकी एक प्रतिलिपि के साथ भेजना चाहिएं जिसमें इस बात का स्पष्ट उल्लेख हो कि उम्मीदवार ने व्यावहारिक सर्वेक्षण (SURVAY) सहित सर्वेक्षण कार्य का संतोषजनक प्रशिक्षण प्राप्त किया है (देखिय पाठ्यक्रम)।

ऊपर (i), (ii), (iii), (iv), (v) और (vi) में दिए गए प्रमाणी-पत्र आदि का ब्यौरा इस प्रकार है :—

(i) **निर्धारित शुल्क के लिये रेखांकित किये हुए भारतीय पोस्टल आर्डर** :—सभी पोस्टल आर्डरों पर जारी करने वाले पोस्ट मास्टर के हस्ताक्षर और जारी करने वाले डाकघर की स्पष्ट मुहर होनी चाहिए। सभी पोस्टल आर्डर रेखांकित किय जाये और इस प्रकार भरे जाएं :—

PAY TO THE SECRETARY, UNION PUBLIC SERVICE COMMISSION AT NEW DELHI GENERAL POST OFEICE

किसी अन्य डाकघर पर देय पोस्टल आर्डर किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किये जाएंगे। विरूपित या कटे-फटे पोस्टल आर्डर भी स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

नोट—जो उम्मीदवार आवेदन-पत्र भेजते समय विदेश में रह रहे हों, वे निर्धारित शुल्क की राशि (रु० 80.00 के बराबर और अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियो के उम्मीदवारों के लिये रु० 20.00 के बराबर) उस देश में स्थित भारत के उच्च आयुक्त, राजदूत या प्रतिनिधि के कार्यालय में जमा करवाएं, और उनसे कहा जाये कि वे इस रकम को लेखा शीर्ष "XXI-मिसलेनियस डिपार्टमेंट एक्जामिनेशन फ़ीस-रिसीट्स आफ़ दि यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन" में जमा कर दें। उम्मीदवार उस कार्यालय से रसीद लेकर आवेदन-पत्र के साथ भेजें।

(ii) **आयु का प्रमाण-पत्र**—आयोग सामान्यतः जन्म की वह तारीख स्वीकार करता है जो मैट्रिकुलेशन के प्रमाण-पत्र या माध्यमिक विद्यालय छोड़ने के प्रमाण-पत्र (सेकण्डरी स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट) या किसी भारतीय विश्वविद्यालय द्वारा मैट्रिकुलेशन के समकक्ष माने गए प्रमाण-पत्र या विश्वविद्यालय के समुचित प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित विश्वविधालय के मैट्रिक-पास छात्रों के रजिस्टर के ऐसे उद्धरण (एक्सट्रैक्ट) में दर्ज की गई हो। हिदायतों के इस भाग में आए "मैट्रिकुलेशन प्रमाण-पत्र" के अन्तर्गत इन सभी वैकल्पिक प्रमाण-पत्रों को सम्मिलित समझा जाए।

इस प्रकार उम्मीदवारों को अच्छी तरह समझ लेना चाहिये कि आयु के प्रमाण के रूप में मैट्रिकुलेशन का प्रमाण-पत्र हर हालत में भेजना आवश्यक है और आवेदन-पत्र के साथ आयोग को अनिवार्यतः इसकी मूल प्रति, एक प्रतिलिपि के साथ, भेजी जानी चाहिए।

कभी-कभी मैट्रिकुलेशन या उसके समकक्ष प्रमाण-पत्र में जन्म की तारीख नहीं होती या आयु के केवल पूरे वर्ष, या पूरे वर्ष और महीने ही दिए होते हैं। ऐसे मामलों में उम्मीदवार को मैट्रिकुलेशन या उसके समकक्ष प्रमाण-पत्र के अतिरिक्त उस संस्था के हैडमास्टर/प्रिंसिपल से लिए गए प्रमाण-पत्र की मूल प्रति, उसकी एक प्रतिलिप के साथ, भेजनी चाहिए जहां से उसने मैट्रिकुलेशन या उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो। इस प्रमाण-पत्र में उसकी जन्म की तारीख या उस संस्था के दाखिला रजिस्टर में दर्ज की गई वास्तविक आयु लिखी होनी चाहिए।

उम्मीदवारों को चेतावनी दी जाती है कि यदि आवेदन-पत्र के साथ इन हिदायतों में निर्धारित आयु का पूरा प्रमाण नहीं भेजा गया तो उनका आवेदन-पत्र अस्वीकार किया जा सकता है। उन्हें यह भी चेतावनी दी जाती है कि यदि आवेदन-पत्र में लिखी जन्म की तारीख मैट्रिकुलेशन प्रमाण-पत्र में दी गई आयु से भिन्न हो और

इसके लिए कोई कारण न दिया गया हो तो आवेदन-पत्र अस्वीकार किया जा सकता है ।

नोट 1—जिस उम्मीदवार के पास पढ़ाई पूरी करके माध्यमिक विद्यालय छोड़ने का प्रमाण-पत्र (कम्प्लीटेड सेकण्डरी स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट) हो, उसे इस प्रमाण-पत्र की मूल प्रति के साथ केवल आयु सम्बन्धी प्रविष्टि वाले पृष्ठ की प्रतिलिपि भेजनी चाहिए ।

नोट 2—उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिये कि किसी परीक्षा में प्रवेश के लिये जन्म की तारीख एक बार लिख भेजने और आयोग द्वारा उसके स्वीकृत हो जाने के बाद किसी अगली परीक्षा में उसमें कोई परिवर्तन करने की अनुमति सामान्यतः नहीं दी जायेगी ।

नोट 3—जिन विस्थापित लोगों के मैट्रिकुलेशन के प्रमाण-पत्र की मूल प्रति पाकिस्तान में खो गई हो, उन्हें सम्बन्धित विश्वविद्यालय से उसकी नकल मंगवा लेनी चाहिए । यदि वे सम्बन्धित विश्वविद्यालय से मैट्रिकुलेशन के प्रमाण-पत्र की नकल न मंगवा सकते हों तो उन्हें विश्वविद्यालय के उस गजट का उद्धरण भेजना चाहिये जिसमें उनके परीक्षा परिणाम प्रकाशित हुए हों । इस उद्धरण में जन्म की तारीख लिखी होनी चाहिए और यह रजिस्ट्रार या हैडमास्टर द्वारा प्रमाणित होनी चाहिए ।

(iii) **चरित्र का प्रमाण-पत्र**—उम्मीदवार को उस शिक्षा संस्था के किसी प्राधिकारी (जैसे प्रिंसिपल, प्राक्टर, डीन आदि) से, जिसमें वह पढ़ रहा हो या जिसमें वह आवेदन की तारीख से पिछले तीन वर्षों में कम-से-कम एक वर्ष तक पढ़ चुका हो, चरित्र का प्रमाण-पत्र लेकर उसकी एक प्रतिलिपि के साथ भेजना चाहिये । प्रमाण-पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले को अपना पूरा पदनाम लिखना चाहिए ।

नोट 1:—जिस उम्मीदवार ने आवेदन पत्र भेजने की तारीख से पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक शैक्षणिक वर्ष तक किसी संस्था में अध्ययन न किया हो वह किसी सेवा-रत राजपत्रित अधिकारी से चरित्र का प्रमाण-पत्र लेकर उसकी एक प्रतिलिपि के साथ भेज सकता है ।

नोट 2 :—चरित्र का एक ही प्रमाण-पत्र अपेक्षित है ।

(iv) **शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण-पत्र**:—उम्मीदवार को अपने मूल प्रमाण-पत्र या डिप्लोमा को उसकी एक प्रतिलिपि के साथ भेजना चाहिये ताकि इस बात का प्रमाण मिल सके कि नियमावली के पैरा 6 में निर्धारित योग्यताओं में से कोई एक योग्यता उसके पास है । भेजा गया प्रमाण-पत्र उस प्राधिकारी (अर्थात् विश्वविद्यालय या किसी अन्य परीक्षा-निकाय) का होना चाहिए जिसने उसे उस योग्यता विशेष का प्रमाण-पत्र दिया हो । यदि ऐसा प्रमाण-पत्र या डिप्लोमा न भेजा जाए तो उम्मीदवार को उसे न भेजने का कारण बताना चाहिये और अपेक्षित योग्यता के अपने दावे के प्रमाण में किसी अन्य प्रमाण-पत्र की मूल प्रति भेजनी चाहिए । आयोग इस दावे के औचित्य पर विचार करेगा, किन्तु वह उसे पर्याप्त मानने के लिए बाध्य नहीं होगा ।

नोट:—यदि कोई उम्मीदवार ऐसी परीक्षा में बैठ चुका हो जिसे पास कर लेने पर वह इस परीक्षा में बैठ सकता है पर अभी उसे परीक्षा के परिणाम की सूचना न मिली हो तो ऐसी स्थिति में वह इस परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए आवेदन कर सकता है । जो उम्मीदवार इस प्रकार की अर्हक परीक्षा (क्वालिफ़ाइंग एक्जामिनेशन) में बैठना चाहता हो वह भी आवेदन कर सकता है बशर्ते कि वह अर्हक परीक्षा इस परीक्षा के प्रारंभ होने से पहले समाप्त हो जाए । यदि ऐसे उम्मीदवार अन्य शर्तें पूरी करते हों तो उन्हें परीक्षा में बैठने दिया जाएगा । परन्तु परीक्षा में बैठने की यह अनुमति अनंतिम मानी जाएगी और यदि वे अर्हक परीक्षा में पास होने का प्रमाण जल्दी-से-जल्दी, और हर हालत में इस परीक्षा के प्रारम्भ होने की तारीख से अधिक से अधिक दो महीने के भीतर प्रस्तुत नहीं करते तो यह अनुमति रद्द की जा सकती है ।

(v) **फोटो की दो प्रतियां**—उम्मीदवार को अपने हाल ही के पासपोर्ट आकार (लगभग 5 से० मी० × 7सें० मी०) के फ़ोटों की दो प्रतियां भेजनी चाहिए इनमें से एक तो आवेदन-पत्र के पहले पृष्ठ पर चिपका देनी चाहिए और दूसरी आवेदन-पत्र के साथ अच्छी तरह नत्थी कर देनी चाहिए । फ़ोटो की प्रत्येक प्रति के ऊपर उम्मीदवार को स्याही से हस्ताक्षर करने चाहिये ।

(vi) **'सर्वेक्षण' में व्यावहारिक प्रशिक्षण का प्रमाण-पत्र** :—जो उम्मीदवार इस परीक्षा में "सर्वेक्षण" वाला प्रश्न-पत्र लेना चाहे उसे इस आशय का एक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना चाहिये कि उसने किसी ऐसी संस्था अथवा कालेज में सर्वेक्षण और उसका व्यावहारिक प्रशिक्षण संतोषजनक रूप से प्राप्त कर लिया है जिसे इस सेवा की प्रतियोगी परीक्षा में प्रवेश के लिए मान्यता-प्राप्त है । यह प्रशिक्षण सिविल इंजीनियरी की किसी डिग्री अथवा डिप्लोमा के पूर्ण पाठ्यक्रम में सम्मिलित प्रशिक्षण के समकक्ष होना चाहिए । इस प्रमाण-पत्र पर संबंधित कालेज अथवा संस्था के प्रिंसिपल अथवा विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर होने चाहिएं ।

आयोग यदि इस बात से आश्वस्त हो जाए कि किसी ऐसी संस्था द्वारा जिसे कि इस सेवा की प्रतियोगी परीक्षा में प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त नहीं है, दिया जानेवाला व्यावहारिक प्रशिक्षण इस सेवा की आवश्यकताओं की दृष्टि से पर्याप्त है तो वह कुछ विशिष्ट मामलों में ऐसी संस्था के "सवक्षण प्रमाण-पत्र" को भी स्वीकार कर सकता है । इस संबंध में आयोग का निर्णय ही अंतिम होगा ।

उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले प्रमाण-पत्र का फार्म

प्रमाणित किया जाता है कि श्री.....,जो कि इस कालेज/संस्था के छात्र रहे हैं, ने इस कालेज/संस्था से सर्वेक्षण में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है जो सिविल इंजीनियरी की किसी डिग्री अथवा डिप्लोमा के पूर्ण पाठ्यक्रम में सम्मिलित सर्वेक्षण के व्यावहारिक प्रशिक्षण के समकक्ष है ।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि यह कालेज..... विश्वविद्यालय से संबद्ध है ।

हस्ताक्षर

दिनांक.....

कालेज अथवा संस्था का नाम.....

स्थान

5. उम्मीदवारों को चेतावनी दी जाती है कि यदि उनका आवेदन-पत्र अधूरा या गलत भरा हुआ हो या उसके साथ ऊपर पैरा 4 (ii), 4(iii), 4(iv), 4(v) और (vi) में लिखे प्रमाण-पत्र आदि में से कोई एक न लगा होगा और उसे न भेजने का उचित स्पष्टीकरण भी नहीं दिया होगा, तो यह आवेदन-पत्र अस्वीकार किया जा सकता है और इस अस्वीकृति के विरुद्ध कोई अपील नहीं सुनी जाएगी। यदि कोई प्रमाण-पत्र आदि आवेदन-पत्र के साथ न भेजा गया हो तो उसे आवेदन-पत्र भेजने के बाद शीघ्र ही भेज देना चाहिए और वह [ऊपर पैरा 4(iv) के नोट में उल्लिखित स्थिति को छोड़कर] हर हालत में आवेदन-पत्र भेजने की अंतिम तारीख से एक महीने के भीतर आयोग के कार्यालय में पहुंच जाना चाहिए। यदि ऐसा न किया गया तो आवेदन-पत्र अस्वीकार किया जा सकता है।

उम्मीदवारों को यह भी चेतावनी दी जाती है कि जो भी प्रमाण-पत्र आदि वे प्रस्तुत करें, उनकी किसी भी प्रविष्टि में वे कभी भी कोई शुद्धि या परिवर्तन न करें, न उनमें किसी अन्य प्रकार का फेर-बदल करें, और न ही फेर-बदल किए गए प्रमाणपत्र आदि प्रस्तुत करें। यदि ऐसे दो या अधिक प्रमाणपत्रों आदि में कोई अशुद्धि या असंगति हो तो उस असंगति के बारे में अलग से स्पष्टीकरण देना चाहिए।

6. यदि कोई उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का होने का दावा करे तो उसे अपने दावे के समर्थन में उस जिले के, जिसमें उसके माता-पिता (या जीवित माता या पिता) आम तौर से रहते हों, जिला अधिकारी या उप-मंडल अधिकारी (सब-डिवीज़नल आफ़िसर) या किसी अन्य ऐसे अधिकारी से, जिसे संबंधित राज्य सरकार ने यह प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए सक्षम अधिकारी के रूप में नामित किया हो, नीचे दिए गए फ़ार्म में प्रमाण-पत्र लेकर, उसकी एक प्रतिलिपि के साथ, प्रस्तुत करना चाहिए। यदि उम्मीदवार के माता और पिता दोनों की मृत्यु हो गई हो तो यह प्रमाण-पत्र उस जिले के अधिकारी से लिया जाना चाहिए जहां उम्मीदवार अपनी शिक्षा से भिन्न किसी अन्य प्रयोजन से आम तौर पर रहता हो।

दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र का उम्मीदवार उक्त प्रमाण-पत्र अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट या प्रथम श्रेणी के वृत्तिक (स्टाइपेंड्री) मजिस्ट्रेट या रेवेन्यू असिस्टेंट से भी लेकर प्रस्तुत कर सकता है।

भारत सरकार के पदों पर नियुक्ति के लिये आवेदन करने वाले अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले प्रमाण-पत्र का फार्म

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी*
.....सुपुत्र/सुपुत्री* श्री
.....जो गांव/क़स्बा*.....जिला/
मंडल* राज्य/संघ राज्य क्षेत्र*.....
.....के/की* निवासी हैं,.....

अनुसूचित जाति/ अनुसूचित आदिम जाति* के/की* हैं जिसे निम्नलिखित के अधीन अनुसूचित जाति/अनुसूचित आदिम जाति* के रूप में मान्यता दी गई है :—

अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों की सूचियां (संशोधन) आदेश, 1956*.

संविधान (जम्मू और काश्मीर) अनुसूचित जातियां आदेश, 1956*

संविधान (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह) अनुसूचित आदिम जातियां आदेश, 1959*

संविधान (दादरा और नागर हवेली) अनुसूचित जातियां आदेश, 1962*

संविधान (दादरा और नागर हवेली) अनुसूचित आदिम जातियां आदेश, 1962*

संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जातियां आदेश, 1964*.

संविधान (अनुसूचित आदिम जातियां) (उत्तर प्रदेश), आदेश, 1967*।

2. श्री/श्रीमती/कुमारी*.....और/या* उनका परिवार आमतौर से गांव/ कस्बा*.....
..... जिला/मंडल*,
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र*.....में रहते/रहती* हैं।

हस्ताक्षर.....
**पद.....
(कार्यालय की मोहर)

स्थान..... राज्य*
संघ राज्य क्षेत्र

तारीख

*जो शब्द लागू न हों उन्हें कृपया काट दें।

नोट:—यहां "आमतौर से रहते /रहती हैं" का अर्थ वही होगा जो "रिप्रेजेंटेशन आफ़ दि पिपुल ऐक्ट, 1950" की धारा 20 में है।

**अनुसूचित जाति/आदिम जाति प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए सक्षम अधिकारी।

(i) जिला मेजिस्ट्रेट/ अतिरिक्त जिला मेजिस्ट्रेट/कलेक्टर/ डिप्टी कमिश्नर/ऐडीशनल डिप्टी कमिश्नर/डिप्टी कलेक्टर/ प्रथम श्रेणी का स्टाइपेंड्री मेजिस्ट्रेट/सिटी मेजिस्ट्रेट/सब*-डिवीज़नल मेजिस्ट्रेट/तालुक मेजिस्ट्रेट/ एक्ज़ीक्यूटिव मेजिस्ट्रेट/एक्स्ट्रा असिस्टेंट कमिश्नर।

(*प्रथम श्रेणी का स्टाइपेंड्री मेजिस्ट्रेट से कम ओहदे का नहीं)

(i') चीफ़ प्रेसीडेन्सी मेजिस्ट्रेट/एडीशनल चीफ़ प्रेसीडेंसी मेजिस्ट्रेट/प्रेसीडेन्सी मैजिस्ट्रेट।

(iii) रेवेन्यू अफ़सर—जिनका ओहदा तहसीलदार से कम न हो।

(iv) उस इलाके का सब-डिवीज़नल अफ़सर जहां उम्मीदवार और/या उसका परिवार आम तौर से रहता हो।

(v) ऐडमिनिस्ट्रेटर/ऐडमिनिस्ट्रेटर का सचिव/ डेवलपमेन्ट अफ़सर (लकादीव, मिनिकोय और अमिनदिव द्वीप-समूह) ।

7. (i) उपाबंध-I के पैरा 3 के अन्तर्गत निर्धारित शुल्क में छूट चाहने वाले पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित किसी भी व्यक्ति को दंडकारण्य परियोजना के ट्रांजिस्ट केन्द्रों के कैम्प कमांडेंट से, अथवा सहायता शिविरों के कैम्प कमांडेंट से, अथवा उस क्षेत्र के ज़िला मैजिस्ट्रेट से जिसमें वह इस समय निवास कर रहा है, लिया गया मूल प्रमाण-पत्र, एक प्रतिलिपि के साथ, यह दिखलाने के लिए प्रस्तुत करना चाहिए कि वह पूर्वी पाकिस्तान से **वास्तविक** रूप से विस्थापित व्यक्ति है और 1 जनवरी, 1964 को या उसके बाद भारत आया है। उसको किसी ज़िला अधिकारी से अथवा सरकार के किसी राजपत्रित अधिकारी से अथवा संसद् या राज्य विधान मण्डल के किसी सस्दस्य से लिया मूल प्रमाण-पत्र भी यह दिखलाने के लिए प्रस्तुत करना चाहिए कि वह निर्धारित शुल्क दे सकने की स्थिति में नहीं है ।

(ii) उपाबन्ध-I के पैरा 3 के अन्तर्गत निर्धारित शुल्क में छूट चाहने वाले श्रीलंका से प्रत्यावर्तित मूलत: भारतीय व्यक्ति को श्रीलंका में भारत के उच्च आयुक्त के कार्यालय से लिया गया इस आशय का का मूल प्रमाण-पत्र, एक प्रतिलिपि के साथ, प्रस्तुत करना चाहिए कि वह एक भारतीय नागरिक है जो कि अक्तूबर, 1964 के भारत-श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद भारत आया है। उसको किसी जिला अधिकारी से अथवा सरकार के किसी राजपत्रित अधिकारी से अथवा संसद् या राज्य विधान मण्डल के किसी सदस्य से लिया गया मूल प्रमाण-पत्र भी यह दिखलाने के लिए प्रस्तुत करना चाहिए कि वह निर्धारित शुल्क दे सकने की स्थिति में नहीं है ।

(iii) उपाबन्ध-I के पैरा 3 के अन्तर्गत निर्धारित शुल्क में छूट चाहने वाले बर्मा से प्रत्यावर्तित मूलत: भारतीय व्यक्ति को भारतीय राजदूतावास, रंगून द्वारा दिया गया मूल पहिचान प्रमाण-पत्र एक प्रतिलिपि के साथ, यह दिखलाने के लिए प्रस्तुत करना चाहिए कि वह एक भारतीय नागरिक है जो कि 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत आया है, अथवा उसे जिस क्षेत्र का वह निवासी है उसके ज़िला मेजिस्ट्रट से लिया गया एक प्रमाण-पत्र यह दिखलाने के लिए प्रस्तुत करना चाहिए कि वह बर्मा से **वास्तविक** प्रत्यावर्तित व्यक्ति है और 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत आया है । उसको किसी ज़िला अधिकारी से अथवा सरकार के किसी राजपत्रित अधिकारी से अथवा संसद् या राज्य विधान मण्डल के किसी सदस्य से लिया गया मूल प्रमाण-पत्र भी यह दिखलाने के लिए प्रस्तुत करना चाहिए कि वह निर्धारित शुल्क दे सकने की स्थिति में नहीं है ।

(iv) नियमावली के पैरा 5 (घ) (ii) अथवा 5 (घ) के अन्तर्गत आयु-सीमा में छूट चाहने वाले पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित व्यक्ति को दंडकारण्य परियोजना के ट्रांज़िट केन्द्रों के कैम्प कमांडेंट से, अथवा सहायता शिविरों के कैम्प कमांडेंट से, अथवा उस क्षेत्र के ज़िला मेजिस्ट्रट से, जिसमें वह इस समय निवास कर रहा है, लिया गया मूल प्रमाण-पत्र उसकी एक प्रतिलिपि के साथ, यह दिखलाने के लिए प्रस्तुत करना चाहिए कि वह पूर्वी पाकिस्तान से **वास्तविक** विस्थापित व्यक्ति है और 1 जनवरी, 1964 को अथवा उसके बाद भारत आया है ।

(v) नियमावली के पैरा 5(घ) (iv) के अन्तर्गत आयु-सीमा में छूट चाहने वाले पांडिचेरी के संघ राज्य क्षेत्र के उम्मीदवार को उस शिक्षा संस्था के प्रिंसिपल से, जिसमें उसने शिक्षा प्राप्त की है, लिया गया मूल प्रमाण-पत्र एक प्रतिलिपि के साथ, यह दिखलाने के लिए प्रस्तुत करना चाहिये कि उसने किसी स्तर पर फ्रेंच के माध्यम से शिक्षा प्राप्त की है ।

(vi) नियमावली के परा 5 (घ) (v) अथवा 5 (घ) (vi) के अन्तर्गत आयु-सीमा में छूट चाहने वाले श्रीलंका से प्रत्यावर्तित मूलत: भारतीय उम्मीदवार को श्रीलंका में भारत के उच्च आयुक्त के कार्यालय से लिया गया मूल प्रमाण-पत्र एक प्रतिलिपि के साथ, यह दिखलाने के लिए प्रस्तुत करना चाहिये कि वह एक भारतीय नागरिक है जो अक्तूबर, 1964 के भारत-श्रीलका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद भारत आया है ।

(vii) निवमावली के पैरा 5 (घ) (vii) के अन्तर्गत आमु-सीमा में छूट चाहने वाले गोआ, दमन और दियु के संघ राज्य क्षेत्र के उम्मीदवार को अपनी मांग की पुष्टि के लिए निम्नलिखित प्राधिकारियों में से किसी एक से लिया गया मूल प्रमाण-पत्र एक प्रतिलिपि के साथ प्रस्तुत करना चाहिये :—

(1) सिविल प्रशासन का निदेशक

(2) कोंसलहौस के प्रशासक

(viii) नियमावली के पैरा 5 (घ) (viii) के अन्तर्गत आयु-सीमा में छूट चाहने वाले कीन्या. उगांडा तथा सयुक्तगणराज्य टेंजानिया (भूतपूर्व टंगानिका तथा जंजीवार) से आए हुए उम्मीदवार को, उस क्षेत्र के ज़िला मेजिस्ट्रेट से जहां वह इस समय निवास कर रहा है लिया गया मूल प्रमाण-पत्र एक प्रतिलिपि के साथ यह दिखलाने के लिए प्रस्तुत करना चाहिए कि वह वास्तव में उपर्युक्त देशों से आया है ।

(ix) नियमावली के पैरा 5 (घ) (i) अथवा 5 (घ) () के अन्तर्गत आयु-सीमा में छूट चाहने वाले बर्मा से प्रत्यावर्तित मूलत: भारतीय उम्मीदवार को भारतीय राजदूतावास, रंगून द्वारा जारी किया गया मूल पहिचान प्रमाण-पत्र एक प्रतिलिपि के साथ यह दिखलाने के लिए प्रस्तुत करना चाहिये कि वह एक भारतीय नागरिक है जो कि 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत आया है, अथवा उसे जिस क्षेत्र का वह निवासी है उसके ज़िला मेजिस्ट्रेट से लिया गया एक प्रमाण-पत्र यह दिखलाने के लिए प्रस्तुत करन चाहिये कि वह बर्मा से प्रत्यावर्तित व्यक्ति है और 1 जून, 1963 को या उस के बाद भारत आया है ।

(x) नियमावली के पैरा पांच (घ) (i) अथवा 5(घ) (ii) के अन्तर्गत आयु-सीमा में छूट चाहने वाले ऐसे उम्मीदवार को, जो रक्षा सेवा में कार्य करते हुए विकलांग हुआ है, महानिदेशक, पुनर्वासन रक्षा मंत्रालय से निम्नलिखित निर्धारित फार्म पर इस आशय का एक प्रमाण-पत्र लेकर, उसकी एक प्रतिलिपि के साथ प्रस्तुत करना चाहिए कि वह रक्षा सेवा में कार्य करते हुए विदेशी शत्रु देश के साथ संघर्ष में अथवा अशांति ग्रस्त क्षेत्र में फौजी

कार्रवाई के दौरान विकलांग हुआ और परिणाम स्वरूप निर्मुक्त हुआ :—

उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाण-पत्र का फार्म

प्रमाणित किया जाता है कि

यूनिट के रैंक नं० श्री रक्षा सेवाओं म कार्य करते हुए विदेशी शत्रु देश के साथ संघर्ष में/ अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्रवाई के दौरान *विकलांग हुए और उस विकलांगता के परिणाम स्वरूप निर्मुक्त हुए।

हस्ताक्षर.....

पदनाम

दिनांक

*जो शब्द लागू न हो उसे कृपया काट दें

8. (क) यदि किसी व्यक्ति के लिए पात्रता का प्रमाण-पत्र (एलिजिबिलिटी सर्टिफ़िकेट) आवश्यक हो तो उसे अभीष्ट पात्रता प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए भारत सरकार के रेल/निर्माण, आवास तथा पूर्ति/ रक्षा/ परिवहन नौवहन/सिंचाई तथा विद्युत/इस्पात, खान तथा धातु मंत्रालय या संचार विभाग को आवेदन करना चाहिए।

(ख) यदि किसी व्यक्ति के लिए पात्रता का प्रमाण-पत्र आवश्यक न हो तो उसे प्रथम श्रेणी मेजिस्ट्रेट के सामने नान जुडीशल स्टाम्प-पेपर पर नीचे लिखे किसी भी रूप में (जो उस पर लागू होता हो) शपथ लेकर शपथ-पत्र (एफ़िडेविट) प्रस्तुत करना चाहिये :—

(1) "मैं घोषणा करता हूं कि मैं 19 जुलाई, 1948 से पहले उन इलाकों से भारत आया था जो अब पाकिस्तान में हैं और मैं तब से आम तौर पर भारत में रह रहा हूं।

(2) "मैं घोषणा करता हूं कि मैं 19 जुलाई, 1948 को या उसके बाद उन इलाकों से भारत आया था जो अब पाकिस्तान में हैं और मैं तब से आमतौर पर भारत में रह रहा हूं और मै यह भी घोषणा करता हूं कि मैंने संविधान के अनुच्छेद 6 के अधीन स्वयं को भारत के नागरिक के रूप में पंजीकृत करा लिया है।"

(3) "मैं घोषणा करता हूं कि मैं पात्रता प्रमाण-पत्र के बिना ही संविधान के लागू होने की तारीख़ अर्थात् 26 जनवरी, 1950, से पहले संघ की सेवा में आ गया था और तब से मैं लगातार उसी सेवा में हूं और मेरे सेवाकाल का क्रम नहीं टूटा है।"

नोट—यदि कोई उम्मीदवार ऊपर की मद (2) के अन्तर्गत आता है तो वह ऊपर के सब-पैरा (ख) में अपेक्षित प्रथम श्रेणी के मेजिस्ट्रेट के सामने लिए गए शपथ-पत्र के स्थान पर भारत के नागरिक के रूप में पंजीकरण का मूल प्रमाण-पत्र एक प्रतिलिपि के साथ प्रस्तुत कर सकता है।

9. **ऊपर के पैरा 4(ii), 4(iv), 4(vi), 6, 7 और 8(ख) में उल्लिखित मूल प्रमाण-पत्र प्रतिलिपियों के साथ अवश्य भेजे जाने चाहियें। आयोग मूल प्रमाण-पत्रों के बिना इन प्रमाण-पत्रों की अभिप्रमाणित या किसी अन्य प्रकार की प्रतियां स्वीकार नहीं करेगा।**

ऊपर के पैरा 4(ii), 4(iii), 4(iv), 4(vi), 6, 7 और 8(ख) के अनुसार भेजे गये सभी मूल प्रमाण-पत्र उम्मीदवार को आवेदन-पत्र के परिणाम की सूचना देते समय लौटा दिये जायेंगे। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने प्रमाण-पत्रों को आयोग के पास भेजने से पहले उनकी अभिप्रतिलिपि प्रतियां अपने पास रख लें। आयोग आवेदन-पत्र के परिणाम की सूचना भेजने के पूर्व इन प्रमाण-पत्रों को न तो लौटा सकता है और न ही इनकी अभिप्रमाणित प्रतियां भेज सकता है, चाहे उम्मीदवार को इनकी आवश्यकता किसी भी काम के लिये क्यों न हो।

यदि उम्मीदवार ऊपर के पैरा 4 (ii), 4(iii) 4(iv), 4 (vi), 6, 7 और 8(ख) में उल्लिखित प्रमाण-पत्रों को, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली गई किसी अन्य परीक्षा के संबंध में पहले ही भेज चुका हो और उन्हें अभी तक उसे लौटाया नहीं गया हो तो उसे अपना आवेदन-पत्र भेजते समय यह बात लिख देनी चाहिए और यदि हो सके तो प्रत्येक प्रमाण-पत्र की एक प्रतिलिपि भी साथ भेजनी चाहिए। यदि प्रमाण-पत्र आयोग के पास न हों तो, चाहे उम्मीदवार इस आयोग द्वारा ली गई किसी अन्य परीक्षा में पहले बैठा हो या नही, उसे आवेदन-पत्र के साथ प्रमाण-पत्र भेजने चाहिए। यदि कोई प्रमाण-पत्र आवेदन-पत्र के साथ न भेजा जा सके तो आवेदन-पत्र में उसे न भेजने का उचित कारण अवश्य लिखा जाना चाहिए।

10. आवेदन-पत्र देर से प्रस्तुत किए जाने पर देरी के कारण के रूप में यह तर्क स्वीकार नहीं किया जाएगा कि आवेदन-प्रपत्र ही अमुख तारीख को भेजा गया था। आवेदन-प्रपत्र का भेजा जाना ही स्वत : इस बात का सूचक न होगा कि प्रपत्र पाने वाला परीक्षा मे बैठने का पात्र हो गया है।

11. यदि परीक्षा संबंधी आवेदन-पत्रों के पहुंच जाने की आखिरी तारीख से पन्द्रह दिन के भीतर उम्मीदवार को अपने आवेदन-पत्र की पावती (एक्नालिजमेंट) न मिले तो उसे पावती प्राप्त करने के लिए आयोग से तत्काल संपर्क करना चाहिए।

12. इस परीक्षा में प्रवेश चाहने वाले प्रत्येक उम्मीदवार को उसके आवेदन-पत्र के परिणाम की सूचना यथाशीघ्र दे दी जाएगी। किन्तु यह नहीं कहा जा सकता कि परिणाम कब सूचित किया जाएगा। परन्तु यदि परीक्षा के शुरू होने की तारीख से एक महीने पहले तक उम्मीदवार को अपने आवेदन-पत्र के परिणाम के बारे में संघ लोक सेवा आयोग से कोई सूचना न मिले तो परिणाम की जानकारी के लिए उसे आयोग से तत्काल संपर्क स्थापित करना चाहिए। यदि उम्मीदवार ने ऐसा नहीं किया तो वह अपने मामले में विचार किए जाने के दावे से वंचित हो जाएगा।

13. पिछले वर्षों में ली गई परीक्षाओं के नियमों और प्रश्न-पत्रों से संबंधित पुस्तिकाओं की प्रतियों की बिक्री मैनेजर आफ़

पब्लिकेशन्स, सिविल लाइन्स दिल्ली-6 के द्वारा होती है और उन्हें वहां से केवल मेल आर्डर द्वारा सीधे प्राप्त किया जा सकता है। उन्हे (i) किताब महल, जनपथ बैरक्स (ए), (अन्नपूर्णा के पीछे) नई दिल्ली और (ii) गवर्नमेंट आफ़ इंडिया बुक डिपो 8-हेस्टिंग्स स्ट्रीट, कलकत्ता से भी नकद पैसा देकर खरीदा जा सकता है ये पुस्तिकाएं विभिन्न मुफ़स्सिल नगरों मे भारत सरकार के प्रकाशन एजेंटों से भी प्राप्त की जा सकती हैं।

14. आवेदन-पत्र से सम्बद्ध पत्र-व्यवहार—आवेदन-पत्र से सम्बद्ध सभी पत्र आदि सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, नई दिल्ली-11 को भेजे जायें और उनमें नीचे लिखा ब्यौरा अनिवार्य रूप से दिया जाये :—

परीक्षा का नाम

परीक्षा का महीना और वर्ष

रोल नम्बर (यदि उम्मीदवार को सूचित किया गया हो)

उम्मीदवार का नाम

आवेदन-पत्र में दिया गया पत्र-व्यवहार का पता।

ध्यान दें—जिन पत्रों आदि में यह ब्यौरा नहीं होगा, सम्भवतः उन पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

15. पते में परिवर्तन—उम्मीदवार को इस बात की व्यवस्था कर लेनी चाहिये कि उसके आवेदन-पत्र में उल्लिखित पते पर भेजे गये पत्र आदि, आवश्यक होने पर, उसको बदले हुए पते पर मिल जाया करें। पते में कोई भी परिवर्तन होने पर आयोग को उसकी सूचना, उपर्युक्त पैरा 14 में उल्लिखित ब्यौरे के साथ, यथाशीघ्र दी जानी चाहिये। आयोग ऐसे परिवर्तनों पर ध्यान देने का पूरा-पूरा प्रयत्न करता है किन्तु इस विषय में वह कोई जिम्मेवारी स्वीकार नहीं कर सकता।

संघ लोक सेवा आयोग

विज्ञापन सं० 6

